वार्तालाप-593, कलकत्ता, दिनांक 03.07.08
Disc.CD No.593, dated 03.07.08 at Calcutta
Extracts-Part-1

समयः 00.01-05.20

जिज्ञासुः बाबा, पानी का आदि होता है ना।

बाबाः पानी का?

जिज्ञासुः भूमि का जल, बरसात का जल, ऐसे कौनसा जल आदि है?

बाबाः कौनसा जल आदि है? आदि का मतलब होता है एक तो बिगिनिंग, शुरुआत का। और एक आदी का अर्थ होता है अभ्यस्त, प्रैक्टाइज़्ड। कौनसे आदि की बात कर रहे हैं?

जिज्ञासुः बिगिनिंग।

बाबाः जो पानी है वो दो तरह का है। एक तो है स्थूल जल। जो स्थूल जल होता है उसका आधार धरणी होती है। क्या? जल कहाँ टिकेगा? आसमान में टिकेगा? हवा में टिकेगा? आग में टिकेगा या धरणी पर टिकता है? धरणी पर ही टिकता है। यज्ञ के आदि में ज्ञान जल कहाँ से आया दुनिया वालों के पास? और मध्य में भी कहाँ से आता है? देने वाला निमित्त कौन बनता है? जो देने वाला निमित्त बनता है वो जब चाहे तो सबसे ले भी सकता है कि नहीं? हँ? (जिज्ञासु- हाँ) तो जिसको महाकाली कहा जाता है वो महाकाली सबकी बुद्धि को घुमा देती है। महाकाली माने? पृथ्वी माता। सतयुग के आदि में होती है गौरी और कलियुग अंत में बन जाती है महाकाली। तो ज्ञान जल उसका आधार है।

Time: 00.01-05.20
Student: Baba, there is a beginning (*aadi*) of water, isn't it?
Baba: Of water?
Student: Land water, rain water; which water is the original (*aadi*) water?
Baba: Which water is *aadi*? One meaning of *aadi* is beginning, starting. And one *aadi* means practiced. Which *aadi* are you talking about?
Student: Beginning.
Baba: Water is of two kinds. One is physical water. The base of the physical water is land. What? Where will water stand? Will it stand in the sky? Will it stand in air? Will it stand in fire or will it stand on land? It stands on land. In the beginning of the *yagya* how did the water of knowledge reach the people of the world? And where does it come from in the middle? Who becomes instrumental in giving? Can the one who becomes instrumental in giving take from everyone or not? Hm? (Student: Yes) So, the one who is called Mahakali turns everybody's intellect. What is meant by Mahakali? Mother Earth. In the beginning of the Golden Age she is fair (*gauri*) and in the end of the Iron Age she becomes Mahakali (the darkest one). So, the water of knowledge is her base.

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

लेकिन ज्ञान जल भी दो प्रकार का है। एक सतोप्रधान और एक? तमोप्रधान। माता भी दो प्रकार की है। एक श्रेष्ठ ते श्रेष्ठ धरणी। क्या नाम है उसका? अभी मुरली में भी आया। भारत माता। और एक है नम्बरवार धरणियाँ। जो नम्बरवार धर्मखण्ड कहे जाते हैं। वो लास्ट तक आते रहते हैं। इसलिए ड्रामा बना हुआ है। लास्ट में वो फर्स्टक्लास धरणी प्रत्यक्ष होगी। और चारों ओर सतोप्रधान ज्ञान फैल जाएगा। दुष्ट संकल्पों की भी मिक्सचरिटी होगी। (जिज्ञासु ने कुछ कहा) बरसात का पानी भाप बन करके आता है। उसको कहते हैं डिस्टिल्ड वाटर। क्या? पहले सागर गरम होता है। गरम होकरके पानी भाप बनता है। फिर सतोप्रधान जल बन जाता है। वो सतोप्रधान जल पहले हिमालय जैसे पहाड़ों से टकराता है। फिर पानी बनकरके बरसता है। यहाँ भी ज्ञान जल पहले कहाँ-कहाँ से आया? हिमालय है ब्रह्मा। और ब्रह्मा रूपी हिमालय से ज्ञान सागर परमपिता परमात्मा का वाष्प रूपी जल टकराया। और टकराके बादलों के रूप में बरस पड़ा। इसलिए दो देवताएं निमित्त बनते हैं। इन्द्र देव, वरुण देव। जिनको शास्त्रों में कहते हैं - इन्द्रावरणौ।

But the water of knowledge is also of two kinds. One is *satopradhan* and one? *Tamopradhan*. Mothers are also of two kinds. One is the highest land. What is its name? It has been mentioned in Murli just now. *Bharat Mata* (Mother India). And one are numberwise lands, which are called numberwise religious lands. They keep coming till the last. This is why a drama is fixed. That first class land will be revealed in the last. And the *satopradhan* knowledge will spread everywhere. There will be a mixturity of wicked thoughts as well. (Student said something) The rain water comes as vapours. That is called distilled water. What? First the ocean heats up. After heating up, the water becomes vapour. Then it becomes pure water. That pure water initially collides with Himalaya like mountains. Then it falls in the form of water. Even here, where did the water of knowledge come first of all from? Himalay is Brahma. And the vapour like water of the ocean of knowledge, the Supreme Father Supreme soul collides with Himalay like Brahma. And after colliding, it falls in the form of clouds. This is why two kinds of deities become instrumental. Indra Dev, Varun Dev who are called 'Indravarnau' in the scriptures.

समयः 06.00-11.13

जिज्ञासुः ब्राह्मणों में पास होने वाला सूर्य वंशी बनता है।

बाबाः जो फुल पास होते हैं वो सूर्यवंशी बनते हैं। जो फेल हो जाते हैं वो चन्द्रवंशी बनते हैं।

जिज्ञासुः प्रत्यक्ष जब हो जाते हैं उसी का नाम है क्या?

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

बाबाः चन्द्रवंशी भी प्रत्यक्ष होते हैं, सूर्यवंशी भी प्रत्यक्ष होते हैं।
दूसरा जिज्ञासुः कैसे समझेंगे कि ये सूर्यवंशई है ये चन्द्रवंशी है, ऐसा पूछा है।
बाबाः जो फेल हो गए वो चन्द्रवंशी। (जिज्ञासु ने कुछ कहा) अभी एडवांस नॉलेज लेने में कौन पास हो गए? अन्दर वाले रह जावेंगे। बेसिक नॉलेज समझ लो चल रही थी 76 तक और उसमें मुरली में बोला अन्दरवाले रह जावेंगे और बाहरवाले? ले जावेंगे। तो कौनसे अन्दर वाले रह गए, फेल हो गए? जो विजयमाला की आत्माएं जो कही जाती हैं वो रह गईं या पास हो गईं? रह गईं। तो पता है वो फेल हो गए। ज्ञान के सब्जेक्ट में फेल हो गए या पास हो गए? अभी कहेंगे फेल हो गए। अन्दर वाले रह गए। जितने भी सरेन्डर हैंड्स थे, अन्दर-अन्दर रहे पड़े थे, सब फेल हो गए। और जो घर-गृहस्थ की कीचड़ में रहने वाले थे वो सब? वो सब पास हो गए। तो कौन चन्द्रवंशी हो गए और कौन सूर्यवंशी हो गए? एडवांस में आने वाले सब सूर्यवंशी पास हो गए।

Time: 06.00-11.13
Student: Those who pass among Brahmins become *Suryavanshi*.
Baba: Those who pass fully become *Suryavanshi.* Those who fail become *Chandravanshi.*
Student: Is it their name when they are revealed?
Baba: The *Chandravanshis* are also revealed; the *Suryavanshis* are also revealed.
Second student: He is asking as to how we can understand that this one is *Suryavanshi*, this one is *Chandravanshi.*
Baba: Those who failed are *Chandravanshi*. (Student said something) Who passed now in obtaining advance knowledge? The insiders will fail. Suppose the basic knowledge was going on till 1976 and in the Murlis it was mentioned that the insiders will fail and the outsiders will pass. So, which insiders failed? Did the souls of *Vijaymala* fail or pass? They failed. So, you know that they failed. Did they fail in the subject of knowledge or did they pass? Now it will be said that they failed. The insiders failed. All the surrender hands, who were living inside failed. And those who were living in the muck of household passed. So, who is *Chandravanshi* and who is *Suryvanshi*? All those who enter the path of advance knowledge, i.e. the *Suryavanshis* passed.

जिज्ञासुः इम्तेहान तो हुआ नहीं अभी तक।
बाबाः तो कैसे हो गए पास? पास हो जाते हैं तो क्लास ट्रांसफर नहीं होता है? पता नहीं चला? क्लास ट्रांसफर होता है तो स्थान भी चेंज हो जाता है। टीचर्स भी? चेंज हो जाते हैं। सुप्रीम टीचर भी देखने में आया, पहले हम ब्रह्मा को सुप्रीम टीचर समझते थे। अब ब्रह्मा सुप्रीम टीचर के रूप में हमारे सामने है? कि स्टूडेन्ट के रूप में है? वो स्टूडेन्ट हो गया। तो पता नहीं चला? पता चल गया। अभी फिर ऐसे ही होगा। क्या कहा? क्या?

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

एडवांस पढ़ाई चल रही है। एडवांस पढ़ाई में भी वो ही फिकरा लागू होगा। अन्दरवाले रह जावेंगे और बाहरवाले ले जावेंगे।

Student: The examination has not been held so far.

Baba: So, how did you pass? Is the class not transferred when you pass? Did you not come to know? When the class is transferred, then the place also changes. The teachers, too? Change. Even regards the supreme teacher, earlier we used to consider Brahma to be the supreme teacher. Is Brahma in front of us as a supreme teacher now? Or is he in the form of a student? He is student. So, did you not know? You have come to know. Now again it will happen like this. What has been said? What? The advanced studies are going on. The same rule will be applicable in the advance knowledge as well. The insiders will fail and the outsiders will pass.

दूसरा जिज्ञासुः इधर फिर बाहरवाले कौन होगा?

बाबाः यहाँ अन्दरवाले बैठे हुए हैं कि बाहरवाले बैठे हैं? (जिज्ञासु - बाहरवाले) हँ? यहाँ जो बैठे हैं वो अन्दरवाले बैठे हैं, बाप के सन्मुख वाले बैठे हैं या जो सन्मुख नहीं हैं वो बैठे हैं? (जिज्ञासु - सन्मुख वाले बैठे हैं) सम्मुख वाले अन्दरवाले हो गए ना। तो लड़ाई लड़ने में लगे हुए हैं आपस में ईर्ष्या में, द्वेष में। आपस में एक दूसरे से बात भी नहीं करते। मिलना-जुलना भी नहीं चाहते। संगठन में भी नहीं आना चाहते। गीतापाठशाला में भी मुँह दिखाने नहीं जाना चाहते। ऐसे हो रहा है कि नहीं हो रहा है? हो रहा है। ये इम्प्युरिटी की निशानी है या प्युरिटी की निशानी है? इम्प्युरिटी की निशानी है। अभी ये प्रैक्टिकल परीक्षा होने वाली है। वो तो सिर्फ थियरी की ज्ञान की परीक्षा थी जो ब्रह्मा मुख से ज्ञान सुनाया। अभी तो ज्ञान को प्रैक्टिकल जीवन में कहाँ तक धारण किया है, कहाँ तक जीवन को पवित्र बनाया है, वो परीक्षा का प्रश्न पत्र आउट होने वाला है। जिसमें अन्दरवाले रह जावेंगे और बाहर वाले भी यह पढ़ाई पढ़ रहे हैं। ऐसा नहीं समझना। क्या? हँ? स्कूलों में, कॉलेजों में आजकल पढ़ाई पढ़ाई जाती है। प्राइवेट एक्जाम देने वाले भई होते हैं कि नहीं होते हैं? तो प्राइवेट वाले आगे निकल जावेंगे। ये भी वंडरफुल बात होने वाली है।

Second student: Then who are the outsiders here?

Baba: Are insiders sitting here or outsiders sitting here? (Student: Outsiders) Hm? Are those sitting here insiders, who are sitting face to face with the Father or are those who are not face to face sitting here? (Student: Those who are face to face are sitting here) Those who are face to face are insiders, aren't they? So, they are busy in fighting wars due to jealousy and hatred. They do not even talk to each other. They do not wish to meet each other. They do not even want to come to the *sangathan*. They do not wish to show even their faces. Is it happening like this or not? It is happening. Is this a sign of impurity or of purity? It is a sign of impurity. Now this practical test is going to take place. That

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

was just a theoretical test of knowledge which was narrated through the mouth of Brahma. Now the question paper of the examination that how far you have inculcated the knowledge in practical life, how far you have purified your life is going to be come out in which the insiders will fail and the outsiders are also studying this knowledge. Do not think that; what? Hm? Now-a-days knowledge is taught in the schools and colleges. Are there not those who give private exams? So, the private ones will gallop ahead. This wonderful thing is going to happen.

Extracts-Part-2

समयः 11.45-14.22

जिज्ञासुः बाबा 9 लाख लोग संदेश मिला सिंध, हैदराबाद में। तो वो सारे 9 लाख सिंध, हैदराबाद में थे? सारे 9,16,108 को संदेश मिले थे आदि में तो वह सब ही सिंध हैदराबाद में थे 9 लाख आत्माएं?

बाबाः हैदराबाद की आबादी ही जेनरेशन वहाँ का जेनरेशन ही शहर की 9 लाख थी।

दूसरा जिज्ञासुः उस समय?

बाबाः हाँ। (जिज्ञासु ने कुछ कहा) टोटल पापुलेशन 9 लाख थी हैदराबाद की। घर-घर में संदेश मिल गया था अखबारों के द्वारा। अमेरिका तक अखबारों में वो संदेश चला गया कि पाकिस्तान में एक जौहरी है जो कहता है हमको 16 हज़ार रानियाँ चाहिए। 400 मिल गई हैं। तो हैदराबाद वालों को नहीं पता चला होगा? (जिज्ञासु ने कुछ कहा) यहाँ जो भी आते हैं वो आदि वाले आते हैं या अंत वाले आते हैं या मध्य वाले आते हैं? (जिज्ञासु - आदि वाले) जरूर आदि वाले आते हैं।

Time: 11.45-14.22

Student: Baba, 9 lakh people got the message in Sindh, Hyderabad. So, were all those 9 lakh people living in Sindh, Hyderabad? 9,16,108 got the message in the beginning. So, were all those 9 lakh souls living in Sindh, Hyderabad?

Baba: The population, the generation itself of the city of Hyderabad was 9 lakhs.

Second student: At that time?

Baba: Yes. (Student said something) The total population of Hyderabad was 9 lakhs. The message reached every home through newspapers. That message reached up to America through newspapers that there is a jeweler in Pakistan who says that I want 16 thousand queens. I have found 400. So, did those from Hyderabad come to know? (Student said something) Whoever comes here, are they from the beginning or from the end or from the middle? (Student: Those from the beginning) Definitely those from the beginning come.

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

दूसरा जिज्ञासुः बाबा, पियु की वाणी कब तक चली?
बाबाः जब तक पियु जिन्दा रहा होगा तभी तक चली होगी। कोई 20 कोई 25 वर्ष के हो गये होंगे। सन् सडसठ की वाणी है सिक्स्टी सेवेन की। 67 में वो 25 वर्ष घटा दो। 42 आया। 42 तक वो पियु वाली आत्मा जीवित रही। जब तक जीवित रही तब तक वाणी चली। उसके चले जाने के बाद दूसरी आत्माएं निमित्त बनी, तो ब्रह्मा कोई एक तो नहीं है। ब्रह्मा एक है या अनेक हैं? अनेकों के नाम हैं ब्रह्मा।

Second Student: Baba, how long was the *Piu's vani* narrated?
Baba: It must have been narrated as long as Piu was alive. (It is mentioned in a Murli) Someone must have grown 20 years old and someone must have grown 25 years old. It is a vani dated sixty seven. Substract 25 years from 67. It comes to 42. That soul of Piu remained alive till 42. The Vani was narrated as long as he was alive. Other souls became instrumental (to narrate vani) after he departed; so Brahma is not one. Is Brahma one or many? Brahma is the name of many.

समयः 14.25-15.50
जिज्ञासुः बाबा, जब प्रजापिता का 76 में भ्रष्टाचार का नाश हुई थी, ऐसे हर आत्मा का भ्रष्टाचार और विकारों का अंत होना है। ये कब, कैसे पता चलेगा?
बाबाः जिसके अन्दर से खत्म होगा मन, बुद्धि जो है व्यर्थ में से निकल करके समर्थ संकल्पों में जाएगी तो उसे पता चलेगा या नहीं चलेगा? जो संकल्पों की दुनिया है जहाँ से दुनिया बनना शुरु होती है, नई दुनिया की शुरुआत प्रैक्टिकल में होगी, वाचा में शुरुआत होगी या पहले संकल्पों से शुरुआत होगी? नई दुनिया का फाउण्डेशन कैसे पड़ेगा? पहले संकल्पों से सृष्टि रची जाएगी या वाचा से रची जाएगी या प्रैक्टिकल कर्मेन्द्रियों से रची जाएगी? संकल्पों से सृष्टि ब्रह्मा ने रची।

Time: 14.25-15.50
Student: Baba, unrighteousness ended from Prajapita in 1976; similarly, unrighteousness and vices are to end in every soul. When and how will we know?
Baba: When the mind and intellect of someone becomes free (from unrighteousness and vices) and moves from wasteful thoughts to meaningful thoughts, then will he come to know or not? The world of thoughts, from where the creation of the world begins, will the new world commence in practical, in words or in thoughts first? How will the foundation for the new world be laid? Will the world be created through thoughts first or through words first or through practical organs first? Brahma created the world through thoughts.

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

समयः 15.55-21.48

जिज्ञासुः बाबा, बड़मूड़ा ट्रायंगल क्या होता है?

बाबाः बड़ा माने बड़ा। मूल, मूल माने जड़। ब्राह्मणों की दुनिया में जो झाड़ है उसमें बड़े से बड़ी जड़ कौन है? कौनसे धर्म की जड़ सबसे बड़ी जड़ है? जो प्रायःलोप है, झाड़ में दिखाई नहीं गई है? लेकिन हम बच्चे जानते हैं कि ये झाड़ की जितनी भी जड़ें हैं उनमें सबसे बड़ी जड़ है। वो जड़ की यादगार वृक्ष बनाया हुआ है बनियन ट्री। बंगाल में खासकर कलकत्ता में जहाँ से रथ को पकड़ा। वो झाड़ को ऊपर से देखा जाए तो वो जड़ और तना दिखाई नहीं देता। प्रायःलोप है। लेकिन अगर उसकी खुदाई की जाए क्योंकि जितने भी ज्ञान दूध वाले वृक्ष होते हैं उनकी जड़ जहाँ नमी मिलती है, पानी मिलता है, वहाँ सुरक्षित रहती है। इसलिए जब कुआँ खोदा जाता है तो नीचे लकड़ी की गोलाई डाली जाती है। वो लकड़ी की गोलाई कौन से झाड़ की होती है? दूध वाले वृक्ष की गोलाई होती है। दूध वाला वृक्ष का जो जड़ है या जो लकड़ी है वो पानी में सड़ती नहीं है। पानी के बगैर रहेगी तो सड़ जाएगी। वो नमी में जीवित रहने वाली जो लकड़ी है पुराने वृक्ष की वो अभी भी उस वृक्ष की उस जड़ पर खुदाई की जाए गहराई में तो जड़ अभी भी मिलेगी। कलकत्ते में तो नमी अर्थात् पानी तो कितने फुट में मिल जाता है? अरे, 6-8 फुट पर ज्यादा से ज्यादा पानी मिल जाता है। कोई भई जाकरके वहाँ फावड़ा लेकरके खुदाई करो वो जड़ मिलेगी या नहीं मिलेगी? मिलेगी। तो वह हो गया बड़ा मूला।

Time: 15.55-21.48

Student: Baba, what is Bermuda triangle?

Baba: *Bara* means big. *Mool* means root. Which is the biggest root in the tree of Brahmin world? The root pertaining to which religion is biggest? It is the one which has almost disappeared and has not been shown in the tree. But we children know that it is the biggest root among all the roots of this tree. Banyan tree is the memorial tree of that root in Bengal, especially Calcutta from where this chariot was chosen. If you see that tree from above, then that root and stem is not visible. It has almost disappeared. But if it is dug up, because the roots of all the trees which produce the milk/sap of knowledge remain safe wherever they get moisture, water. This is why when a well is dug-up, a circular wooden plank is placed at the base of the well. That circular wooden plank is made up of the wood of which tree? It is prepared with the wood of a tree that produces sap. The root or wood of a tree that produces sap does not rot in water. It will rot if it remains out of water. That wood of the old tree that remains alive in humidity; if you dig deep, then you will find the root of that tree even now. At how many feet depth do you find humidity, i.e. water in Calcutta? Arey, you get water at a depth of at the most 6-8

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

feet. If anyone digs with a hoe (*favda*) will they find that root or not? They will. So, that is the big root.

जिज्ञासुः ट्रायंगल?

बाबाः ट्रायंगल माना एंगल बनाया जाता है। वो ब्रह्मा बाबा। ब्रह्मा अर्थात् कृष्ण की सोल। कृष्ण और किसकी राशि मिलाई जाती है? क्राइस्ट की। जो क्राइस्ट की दुनिया है उसका बड़े ते बड़ा फाउण्डेशन कौनसा देश है जहाँ क्रिश्चियन्स का बहुत बोलबाला है? (जिज्ञासु - इंग्लैण्ड) इंग्लैण्ड नहीं रह गया। इंग्लैण्ड पहले कभी था यूरोप। अभी अमेरिका हो गया है। क्या? दुनिया में अभी महाशक्तियों में नाम किसका बाला है? (जिज्ञासु - अमेरिका) अमेरिका का। वो अमेरिका की राजधानी का शहर कौनसा है? वाशिंगटन, न्यूयार्क। उसके नज़दीक है बड़ा मूला ट्रायंगल। उसके नज़दीक ही अड्डा जमाया हुआ है। वो भूत-प्रेतों का अड्डा है। वहाँ जो भी जाएगी, वो पावरफुल से पावरफुल एरोप्लेन क्यों न हो, पानी का जहाज क्यों न हो, जब्त हो जाएगा। जब्त हो गया है। इसलिए बड़े ते बड़े साइंटिस्ट चकरी में आए हुए हैं। अपने जहाज़ को पानी के जहाज को, हवा के जहाज को, हवाईजहाज को वहाँ से गुज़रने नहीं देते। बेहद की बात कहाँ की है? ब्राह्मणों की दुनिया की बेहद की बात है। ये आत्माएं भी ऐरोप्लेन हैं। क्या बेसिक नॉलेज में एरोप्लेन नहीं हैं? चैतन्य ऐरोप्लेन हैं या नहीं हैं? हैं। बड़े-बड़े ऐरोप्लेन हैं। लेकिन उनको वहाँ तक पहुँचने नहीं देते। कहीं ऐसा न हो, वहाँ जाएं और वहीं के वहीं डूब के रह जाएं। समझ में आता है? नहीं आता? आता है? हाँ।

Student: Triangle?

Baba: Triangle means an angle is formed. That Brahma Baba. Brahma, i.e. the soul of Krishna. Whose zodiac sign is matched with Krishna? Christ. Which country is the biggest foundation nation of the world of Christ, where Christians are in majority? (Student: England) It is no more England. Once upon a time, it was England, Europe. Now it is America. What? Which super power (*mahashakti*) is famous in the world at present? (Student: America) America. Which city is the capital of America? Washington, New York. The *Bada Mula* Triangle is situated close to it. It has set its camp close to it. It is a hang-out (*adda*) of ghosts and devils. Whatever goes there, be it the most powerful aeroplane or ship, it will sink. It has sunk. This is why the greatest scientists are baffled. They do not allow their ship, their aeroplane to pass through that area. This topic in an unlimited sense pertains to which time? It is an unlimited topic of the world of Brahmins. These souls are aeroplanes, too. Are there not aeroplanes in basic knowledge? Are there living aeroplanes or not? There are. There are big aeroplanes. But they do not allow them to pass through that place. It should not happen that they go there and sink. Do you understand? Don't you understand? Do you? Yes.

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

Extracts-Part-3

समयः 21.50-26.35

जिज्ञासुः बाबा, लगातार दो जन्म स्त्री का या दो जन्म पुरुष का मिलता है, तो राम वाली आत्मा सेवकराम था, फिर वीरेन्द्र देव दीक्षित और अभी फिर सत्यनारायण बनेगा।

बाबाः ये वीरेन्द्र देव दीक्षित कहाँ से निकाल लिया? वो समझाओ पहले, फिर आगे बढ़ो।

जिज्ञासुः सेवकराम था ना बाबा।

बाबाः सेवकराम अथवा प्रजापिता नाम है, जिसमें भी प्रत्यक्ष होने वाला हो। वो प्रजापिता यज्ञ के आदि वाला। आदि में सो अंत में। जिस मुकर्रर रथ में भगवान बाप प्रत्यक्ष और सिद्ध होता हो। हाँ, तो?

जिज्ञासुः पहला जो हुआ सेवकराम हुआ। पुरुष चोला। फिर अभी भी पुरुष चोला। और नर से नारायण बनेगा वो भी पुरुष चोला ही होगा ना।

बाबाः वो चोला बदल जाएगा? नया जन्म होगा?

जिज्ञासुः एक जन्म काउंट होगा ना।

बाबाः एक ही जन्म तो काउँट हुआ यज्ञ के आदि का। वो 84वां जन्म भी है। क्या? साठ साल पूरे होने के बाद ही प्रवेशता हुई। तो वो बहुत जन्मों के अंत का जन्म हुआ। फिर अंत के जन्म के भी अंत का जन्म कहेंगे 76 में। क्योंकि साठ साल ब्रह्मा की आयु पूरी नहीं हुई।

Time: 21.50-26.35

Student: Baba, we get either two consecutive female births or two consecutive male births; so, the soul of Ram was Sevakram; then Virendra Deo Dixit and now again he will become Satyanarayana.

Baba: Where did you get this name Virendra Deo Dixit? First explain that; then proceed.

Student: Baba, there was Sevakram, wasn't he?

Baba: Be it Sevakram or Prajapita, through whomsoever He is going to be revealed. That Prajapita from the beginning of the *yagya*. Whoever was in the beginning is in the end. The appointed chariot in which God, the Father is revealed and proved. Yes, so?

Student: The first one was Sevakram,. That was a male body. Then, now it is a male body. And when he is transformed from a man to Narayan, then that will be a male body, too, will it not be?

Baba: Will that body change? Will it be a new birth?

Baba: It will be counted as one birth, will it not be?

Baba: Only one birth of the beginning of the *yagya* was counted. That is 84th birth as well. What? The entry (of Supreme soul) took place only after the completion of sixty years. So, it is the last birth among many births. Then it will be called the last birth/period of the last birth in 76 because Brahma's sixty years were not completed.

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

जिज्ञासुः सेवकराम का जो था 84वां जन्म सेवकराम का था।
बाबाः 36 में था। और 36 में 100 साल ब्रह्मा की आयु पूरी नहीं हुई। वो कब पूरी हुई? 76 में। तो बहुत जन्मों के अंत का भी अंत का जन्म हुआ। कब? 76 में। फिर नया जन्म कहेंगे। वो 21वां जन्म कहें या 84वां जन्म कहें? मन-बुद्धि रूपी आत्मा में परिवर्तन आया या नहीं आया? आया। वो 84वां जन्म हो गया। नया जन्म हुआ या फिर मरेगा? हद की मौत मरेगा या बेहद की अनिश्चय रूपी मौत मरेगा? मरेगा या नहीं मरेगा? नहीं मरेगा। तो बुह जन्मों के अंत के भी अंत का जन्म हुआ और साथ ही साथ एक्स्ट्रा आर्डिनरी जन्म भी हो गया। 85वां कह लो। कब तक? जब तक प्रत्यक्षता सम्पूर्ण नहीं होती है तब तक। फिर कहेंगे 21 जन्मों में से पहला जन्म। तो 21वां जन्म भी है, और साथ-साथ (किसी ने कुछ कहा) 84वां नहीं, 84वां जन्म तो खत्म हो गया। कब? 76 में। कृष्ण अर्थात् दादा लेखराज ब्रह्मा का भी 84वां जन्म खत्म हो गया। कब? 87 में। अब कहेंगे एक्स्ट्रा आर्डिनरी जन्म प्रत्यक्ष होने वाला है। वो भी जन्म दो प्रकार का होता है। एक होता है पेट में प्रवेशता। उसको जन्म कहें वास्तव में? वो जन्म नहीं है। पीपल के पत्ते पर गर्भ में छोटे बच्चे कृष्ण का चित्र दिखाते हैं। उसे गर्भ महल कहेंगे या सिर्फ प्रवेशता कहेंगे? क्या कहेंगे? हँ? अरे गर्भ में प्रवेश है या जन्म हुआ? प्रवेश है। 87 में। फिर प्रत्यक्ष भी होने वाला है। संगमयुगी कृष्ण के रूप में।

Student: Sevakram's birth was 84th birth.
Baba: That was in (19)34. And Brahma's 100 years age was not completed in 1936. When was it completed? In (19)36. So, it was the last one of many births. When? In 76. Then it will be called a new birth. Will it be called 21st birth or 84th birth? Did the mind and intellect like soul undergo transformation or not? It underwent. That was the 84th birth. Was it a new birth or will he die again? Will he die in a limited sense or will he die an unlimited death of faithlessness? Will he die or will he not? He will not die. So, it was the last birth of many births as well as the extraordinary birth. You can call it 85th (birth). Until when? Until the complete revelation takes place. Then it will be said the first birth among the 21 births. So, it is 21st birth as well as (someone said something) not the 84th birth; 84th birth ended. When? In 76. The 84th birth of Krishna, i.e. Dada Lekhraj also ended. When? In 87. Now it will be said that the extraordinary birth is going to be revealed. That is also of two kinds. One is entry in the womb. Will it be called a real birth? That is not birth. Small child Krishna's picture is shown in the womb on a fig leaf. Will it be called a palace-like womb or just entry (into womb)? What will it be called? Hm? *Arey*, is it called entry in the womb or is it a birth? It is entry. In 87. Then he is also going to be revealed in the form of Confluence Age Krishna.

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

समयः 27.29-31.30

जिज्ञासुः बाबा, राम वाली आत्मा का मात-पिता कौन है?

बाबाः आत्मा का मात-पिता नहीं होता है। आत्मा का तो सिर्फ बाप ही होता है। आत्मा की, राम वाली आत्मा कहेंगे, उसका बेहद का बाप कौन है? जो तुम्हारा बाप, जो तुम्हारा बाप सो राम वाली आत्मा का बाप। (जिज्ञासु ने कुछ कहा) हाँ ये कहो राम वाली आत्मा का संगमयुग में साकार में बाप कौन होता है? संगमयुग में साकार में बाप कौन है जो शास्त्रों में गाया हुआ है? राम के बाप का नाम क्या गाया हुआ है? हँ? दशरथ। जैसे कहते हैं दस सीस। तो कौन साबित होता है? दस सीस। दस सीस वाला कौन है दस सीस वाला? रावण। ऐसे ही दशरथ। माने रामवाली आत्मा वो बाद में प्रत्यक्षता रूपी जन्म लेती है। उससे पहले झाड़ में बैठे हुए दस रथ पहले ही प्रत्यक्ष हो जाते हैं। चित्र भी दिये हुए हैं। झाड़ के चित्र में दो गुप्त और 8 प्रत्यक्ष रथ बैठे हुए हैं या नहीं बैठे हैं? वो ही दस रथ हो गए।

Time: 27.29-31.30

Student: Baba, who are the parents of the soul of Ram?

Baba: A soul does not have parents. A soul has only a father. As regards a soul, call it the soul of Ram, who is his father in an unlimited sense? Whoever is your Father, whoever is your father is the Father of Ram's soul as well. (Student said something) Yes, you could ask who the father of Ram's soul is in a corporeal form in the Confluence Age. Who is his father in corporeal form in the Confluence Age famous in the scriptures? What is the name famous as the father of Ram? Hm? Dashrath. For example it is said – ten heads (*das sees*). So, who is proved to be that? Ten heads. Who has ten heads? Ravan. Similarly *Dashrath* (ten chariots). It means that the soul of Ram gets revelation like birth later on. Before him the ten chariots (*das rath*) sitting in the tree are already revealed. The pictures have also been shown. In the picture of the tree, two are incognito and are 8 chariots sitting in a revealed form or not? They are the ten chariots.

जिज्ञासुः वो तो दस रथ पिता ही हो गए। माता कौन?

बाबाः पिता ही हैं। उनको ज्ञान में जन्म देने वाले हैं। बिना बेसिक नालेज के एडवांस ज्ञान में आ जावेगी राम वाली आत्मा? आवेगी? हाँ, तो वो बाप हुए।

जिज्ञासुः वो तो बाप का नाम, माँ का नाम क्या?

बाबाः वो तीन प्रकार के हैं। क्या? उनमें एक है कैकयी। जिसके कई-कई पति हैं। एक ऐसी मम्मा भी है। दोगला पार्ट बजाती है। एक है कौशल्या। कुशलता का पार्ट बजाती है। योगः कर्मशु कौशलम्। कुशल बुद्धि है। एक है सुमित्रा। कैसी मित्र है? सुन्दर मित्र। सुन्दर फीमेल दोस्त है। धोखा देने वाली नहीं है। तीन प्रकार के धर्मों में से तीन प्रकार की

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

आत्माएं हैं। माता के रूप में। तीनों ही मिल करके कोई जन्म देती हैं, कोई पालना देती हैं। रामायण में उनको तीन नाम दिये हुए हैं - महाभारत या भागवत में भी उनको तीन नाम दिये हुए हैं। कौन-कौन हैं? हँ? अरे कृष्ण के साथ उसका भाई कौन दिखाया जाता है? बलराम। कृष्ण को एक जन्म देने वाली माता। कौन? देवकी। एक पालना देने वाली माता - यशोदा। और एक उसके भाई की माता। रोहिणी।

Student: So, those ten chariots are fathers only. Who is the mother?
Baba: They are fathers only. They give birth to him in knowledge. Will the soul of Ram enter the path of advance knowledge without obtaining the basic knowledge? Will it? Yes, so they are the fathers.
Student: That is about the father's name; what is the mother's name?
Baba: They are of three kinds. What? One of them is Kaikayi. The one who has many-many (*kayi-kayi*) husbands. There is one such mother as well. She plays a duplicate part. One is Kaushalya. She plays the part of efficiency (*kushalta*). *Yogah karmashu kaushalam*. She has an efficient intellect. One is Sumitra. What kind of a *mitra* (friend) is she? *Sundar mitra* (beautiful friend). She is not going to dupe. There are three kinds of souls from three kinds of religions in the form of mothers. Among the three one gives birth, one gives sustenance. They have been assigned three names in Ramayana. Even in Mahabharata or Bhagwat, they have been given three names. Who are they? Hm? *Arey* who is shown with Krishna as his brother? Balram. One mother gives birth to Krishna. Who? Devaki. One is the mother who gives sustenance. Who? Devki? One is the mother who gives sustenance – Yashoda. And one is his brother's mother. Rohini.

Extracts-Part-4

समयः 31.32-33.30

जिज्ञासुः बाबा, फुल बेगर टू फुल प्रिंस ये बात भाईयों पर लागू होता है, माताओं के ऊपर लागू होता है? कोई कोई भाई ऐसा बोलता है।

बाबाः माताजी को डर लग रहा है कहीं फुल बेगर माताओं को तो नहीं बनना पडेगा। हँ? अरे, ये आत्मा की बात है या स्त्री पुरुष की बात है? आत्मा ऐसा पार्ट बजाए - फुल बेगर टू फुल प्रिंस बने। पहले पूरा खाकीन हो जाए ईश्वरीय सेवा के अर्थ। तन तन नहीं, मन मन नहीं। और धन धन नहीं। तन, मन, धन, तीनों सम्पत्तियों में से मेरा कोई भी नहीं। सब कुछ तेरा। और प्रैक्टिकल में तेरा कर दे। सिर्फ कहने कहने के लिए नहीं। वो हो गए फुल प्रिंस नम्बरवार। (जिज्ञासु ने कुछ कहा) माताएं अपने को माता की स्थिति में स्थित किये हुए हैं। तो रुद्र माला का मणका हैं? हैं? नहीं हैं। तो फुल प्रिंस कैसे बनेंगी? पहले तो देहभान नहीं खतम हो रहा है। मैं स्त्री हूँ। पहले ये देहभान खतम होना है कि

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

मैं क्या हूँ? मैं आत्मा हूँ। कंट्रोल करने के लिए तो फटाक से रुद्रमाला का मणका बनेंगे। पूरा परिवार हमारी मुट्ठी में रहे। देहभान जल्दी नहीं छूटता है।

Time: 31.32-33.30
Student: Baba, is 'full beggar to full prince' applicable to brothers or to mothers? Some brothers say so.
Baba: Mataji fears lest mothers will have to become full beggars. *Hm? Arey*, is it about the soul or about male or female? The soul should play such part that it changes from a full beggar to a full prince. First it should sacrifice itself completely for Godly service. It should not worry about the body; it should not worry about the mind; it should not worry about the wealth. Nothing out of the three assets, i.e. body, mind and wealth is mine (*mera*). Everything belongs to you (*tera*). And it should make it 'yours' (*tera*) in practical, not just for name sake. They are numberwise full princes. (Student said something). If the mothers feel themselves to be in the stage of mothers, then are they the beads of *Rudramala*? Hm? They aren't. So, how can they become full prince? First of all the body consciousness is not ending. I am a woman. First this body consciousness should end. What am I? I am a soul. When the question of controlling arises, then they become beads of *Rudramala* immediately. The entire family should be in my clutches. They are unable to shed the body consciousness soon.

समयः 33.40-34.50
